प्रतियोगिता | बालाघाट को 7 विकेट से हराया

# निखिल सिंह के शतक से जबलपुर फाइनल में



नवभारत, जबलपुर। एमपीसीए स्टेडियम नीमखेड़ा में खेले गए अंतर जिला सीनियर बालक वर्ग एक दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता के पहले सेमीफाइनल में जबलपुर ने बालाघाट को 7 विकेट से हराकर फाइनल में जगह बनाई। टॉस हारकर बल्लेबाजी करने उतरे बालाघाट ने 44.2 ओवर में 10 विकेट पर 224 रन बनाए। राहुल शर्मा ने 59 रनों की शानदार पारी खेली, जबकि हिमांशु नागपुरे ने 50, शुभम डोंगरे ने 42 और मंथन ने 19 रन योगदान दिया। जबलपुर के लिए रितेश शाक्य ने 3, निखिल सिंग 2 और महेंद्र सिंग तथा यश सोनी ने 1-1 विकेट लिया। मैच में अम्पायर अमित यादव, आदित्य शर्मा, स्कोरर अकित यादव, आब्जर्वर सोनू राबिंसन, चयनकर्ता प्रशांत द्विवेदी, गोपाल दत्त जोशी की भूमिका रही। आज गुरुवार को सुबह 9 बजे सिवनी बनाम छिंदवाड़ा और डिंडोरी बनाम कटनी के सेमीफाइनल मुकाबले होंगे।

### 68 रनों की साझेदारी ने की जीत सुनिश्चित

जबलपुर ने 27.4 ओवर में 3 विकेट पर 230 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम किया। कप्तान निखिल सिंग ने नाबाद 112 रन (15 चौके, 4 छक्के) की धमाकेदार पारी खेली। अलंकृत सिंग ने 51 और जफरूद्दीन अनवर ने 35 रन बनाए। निखिल और अलंकृत की 131 रनों की साझेदारी तथा निखिल और जफरूद्दीन की 68 रनों की साझेदारी ने जीत सुनिश्चित की। बालाघाट की ओर से राहुल शर्मा ने 2 विकेट लिए।

## आस्था पटेल को मिली ऑल इंडिया रैंक 7

नवभारत, जबलपुर। इंस्टिट्यूट ऑफ कंपनी सेक्रेटरी ऑफ इंडिया द्वारा दिसंबर 2025 में आयोजित सीएस परीक्षाओं का परिणाम घोषित हो गया। इस बार भी जबलपुर के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए शहर का नाम रौशन किया। विशेष रूप से आस्था पटेल ने अखिल भारतीय स्तर पर ऑल इंडिया रैंक 7 प्राप्त कर गौरव बढ़ाया। उन्होंने सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और गुरु राकेश यादव, पिंकी यादव, अभिषेक रंगवानी, साक्षी असवानी को दिया। इसके साथ ही अन्य विद्यार्थियों भाविका जैसिंघानी, अनुकृति सिंह, अनुष्का जैन, दिशा गोस्वामी, सरलीन कांथ, विधि यादव, यशवर्धन सोनी, सुरभि अग्रवाल, मनुश्री तिवारी, पलक राय, नंदिनी जैन, मुस्कान कनोजिया, काजल रजक ने भी उल्लेखनीय सफलता हासिल की। सभी विद्यार्थियों ने सीए- सीएस दुनिया, यादव कॉलोनी, लेबर चौक, जबलपुर में शिक्षकों के मार्गदर्शन में कठिन परिश्रम और समर्पण से यह उपलब्धि प्राप्त की।

# विद्यार्थियों की रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोहा मन

▶ पीएम कॉलेज के वार्षिक स्नेह सम्मेलन में दिखी प्रतिभा और उत्साह की झलक



नवभारत, जबलपुर। पी.एम. कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय महाकोशल स्वशासी अग्रणी महाविद्यालय में आयोजित वार्षिक स्नेह सम्मेलन के द्वितीय दिवस महाविद्यालय प्रेक्षागृह की दीवारें विद्यार्थियों की रचनात्मकता और उत्साह से गूँज उठीं। पंडाल में प्रवेश करते ही माहौल में उत्सव की झलक दिखाई दी। अतिथियों का हार्दिक स्वागत किया गया, इसके बाद मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। नन्हे पौधे और स्मृति-चिह्न देकर अतिथियों को सम्मानित किया गया, जिससे सभी उपस्थितजन भावविभोर हो उठे।

मुख्य अतिथि, सेवानिवृत्त आचार्य एवं अध्यक्ष (अंग्रेजी) डॉ. आभा पाण्डे ने विद्यार्थियों को सक्रिय सहभागिता और अपनी प्रतिभा को निखारने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने अंग्रेजी विषय में स्नातकोत्तर स्तर पर सर्वश्रेष्ठ विद्यार्थी को स्वर्ण पदक प्रदान करने की घोषणा कर उत्साह और बढ़ा दिया। सिविल लाइन जबलपुर के पार्षद श्याम कनौजिया ने स्नेह सम्मेलन को विद्यार्थियों के उत्साह और रचनात्मक ऊर्जा का उत्सव बताया। वहीं, क्रीड़ा अधिकारी, शासकीय आदर्श विज्ञान महाविद्यालय डॉ. रमेश शुक्ला ने कहा कि यह कार्यक्रम विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास और उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में सहायक है। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. शुभांगी धगट ने की।

### प्रस्तुतियों ने माहौल को बना दिया सरस और जीवंत

सांस्कृतिक सत्र 'गीत गुंजन' का शुभारंभ गणेश वंदना से हुआ, जिसे डॉ. देवेन्द्र कोष्टा और विद्यार्थियों ने मिलकर प्रस्तुत किया। इसके बाद छात्र-छात्राओं और प्राध्यापकों ने विविध गीत और सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं, जिसने माहौल को और भी सरस और जीवंत बना दिया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. तृप्ति उकास ने किया और आभार प्रदर्शन डॉ. रविश तमन्ना ताज़िर द्वारा किया गया। आयोजन संयोजक डॉ. ज्योति जुनगरे के निर्देशन में डॉ. राजीव मिश्रा, डॉ. विभा निगम सहित समस्त प्राध्यापकों और कर्मचारियों का सहयोग रहा।

## आईसीटी का ज्ञान छात्रों के कैरियर को देगा नई दिशा



नवभारत, जबलपुर। रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के गणित एवं कम्प्यूटर विज्ञान विभाग और आइक्यूएसी द्वारा 25 से 27 फरवरी तक आयोजित तीन दिवसीय सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी (आईसीटी) प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को डिजिटल तकनीक, आईसीटी उपकरण और कृत्रिम बुद्धिमत्ता की आधुनिक जानकारी प्रदान करना है। मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. राजेश कुमार वर्मा ने कहा कि आज के डिजिटल युग में आईसीटी और कृत्रिम बुद्धिमत्ता का ज्ञान छात्रों के लिए अनिवार्य है और यह उनके करियर को नई दिशा देगा। गणित विभागाध्यक्ष प्रो. जे. के. मैत्रा ने गणित और कम्प्यूटर विज्ञान के समन्वय को भविष्य की तकनीकी प्रगति का आधार बताया। डॉ. मृदुला दुबे, कामता मिश्रा, प्रतिभा, डॉ. पूनम अग्रवाल, दीपेश मिश्रा और अंकिता ने छात्रों को तकनीकी रूप से सशक्त बनने के लिए प्रेरित किया। सीआरआईएसपी से आए तीन विशेषज्ञों ने प्रथम दिवस पर आईसीटी की मूलभूत जानकारी, कृत्रिम बुद्धिमत्ता की अवधारणा और एमएस वर्ड के प्रभावी उपयोग पर व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया। छात्रों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम का पहला दिन अत्यंत सफल और प्रेरणादायक रहा।

## नर्मदा घाटों-तालाबों के आसपास चलाया गया सफाई अभियान



नवभारत, जबलपुर। नगर निगम शहर के सभी जलाशयों, घाटों और तालाबों के संरक्षण एवं कायाकल्प के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है। निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के निर्देश पर बुधवार को शहर के प्रमुख जल स्रोतों तिलवारा घाट, संग्राम सागर, शाही तालाब, इमरती तालाब, हनुमानताल, गोकुलपुर तालाब पर विशेष स्वच्छता श्रमदान एवं घाट सफाई अभियान सफलतापूर्वक संचालित किया गया। सफाई अभियान के दौरान नगर निगम की टीम और स्वयंसेवकों ने घाट परिसरों, सीढ़ियों और आसपास के क्षेत्रों से कचरा एकत्र किया। इस कचरे का विधिवत निस्तारण सुनिश्चित किया गया ताकि जल निकायों में प्रदूषण न फैले। अभियान के दौरान उपस्थित नागरिकों और श्रद्धालुओं को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करते हुए कचरा यहाँ-वहाँ न फेंकने, केवल निर्धारित डस्टबिन का ही उपयोग करने गीला और सूखा कचरा हमेशा अलग-अलग रखने, 'सिंगल यूज़ प्लास्टिक' का उपयोग पूर्णत: बंद करने, पूजन सामग्री एवं अन्य सामग्रियों को सीधे नदी या तालाबों में प्रवाहित न करने, इसके लिए बनाए गए समर्पित 'अर्पण कलश' का उपयोग करने के लिए जागरूक किया गया।



## बैंकों व बिल्डर्स को प्रचार-प्रसार करने निगमायुक्त ने दिये निर्देश

नवभारत, जबलपुर। निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के निर्देश पर प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के अंतर्गत संचालित घटक की जानकारी शहर के अधिकतम नागरिकों तक पहुंचाने के उद्देश्य से एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में विभिन्न राष्ट्रीयकृत एवं निजी बैंकों के प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया। इसके अतिरिक्त शहर के बिल्डर्स, कॉलोनाइज़र्स, योजना के हितग्राही तथा आवास योजना से संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान योजना के प्रमुख प्रावधानों, पात्रता शर्तों, आवेदन प्रक्रिया एवं ब्याज अनुदान (इंटरेस्ट सब्सिडी) से संबंधित विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। विशेष रूप से इस बात पर चर्चा की गई कि शहर के अधिकतम आवासहीन परिवारों को योजना का लाभ किस प्रकार दिलाया जा सके। इस दौरान उपस्थित बैंक प्रतिनिधियों एवं बिल्डर्स को कहा गया कि इस योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु अपने-अपने कार्यालयों एवं सभी परियोजना स्थलों पर योजना संबंधी फ्लैक्स, होर्डिंग्स लगवाएं जिससे अधिक से अधिक नागरिकों तक योजना की जानकारी पहुंचे और पात्र हितग्राही समय पर आवेदन कर योजना का लाभ प्राप्त कर सकें।

## प्रधान आरक्षक के घर घुसा चोर छत से कूदा

जबलपुर। संजीवनी नगर थाना अंतर्गत गुजराती कॉलोनी में प्रधान आरक्षक के सूने घर में चोरी करने के इरादे से घुसा चोर कॉलोनियों और मकान मालिक को देखकर दहशत में छत से कूद गया। हालांकि बाद में उसे दबोच लिया गया जिसे पुलिस के हवाले कर दिया गया। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जहां से उसे कोर्ट ने जेल भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक अरूण रघुवंशी 23 वर्ष निवासी चंदन कॉलोनी ने बुधवार को रिपोर्ट दर्ज कराई कि वे गढ़ा थाने में प्रधान आरक्षक के पद पर पदस्थ है। कल उसकी नाईट ड्यूटी होने से अपने घर में ताला बंद करके ड्यूटी पर चला गया था। बुधवार सुबह लगभग 5 बजे घर वापस आया देखा कि उसके घर का दरवाजा खुला था उसने लाईट जलाकर मकान में इधर उधर देखा उसे देखकर एक व्यक्ति छत तरफ दौड़ते दिखा, उसने जोर से आवाज लगाया तो पड़ोस के शुभम पटैल, अनुपम भट्ट, रोहन कोरी आ गये, सभी ने उक्त व्यक्ति के पीछे छत पर गये, उक्त व्यक्ति कॉलोनीवासियों को देखकर अपने हाथ में लिये लोहे का औजार उनकी तरफ फैंककर छत से कूद गया, इसके बाद सभी नीचे उतरे और जमीन में बैठे चोर को दबोच लिया पूछताछ में उसने अपना नाम धर्मेन्द्र मेश्राम 44 वर्ष निवासी शांतिनगर परसवाड़ा थाना संजीवनी नगर का बताया। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपी धर्मेन्द्र मेश्राम को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश करते हुये न्यायिक अभिरक्षा में जेल निरूद्ध कराया गया।


**आम सूचना**

मैं अपने पक्षकार के निर्देशानुसार आम जनता को यह सूचित कर रहा हूँ कि मेरे पक्षकार श्री राकेश खटीक पिता श्री हीरा लाल खटीक द्वारा आवासीय उपयोग की संपत्ति मौजा-जबलपुर, पुराना भानतलैया नए खेरमाई वार्ड संख्या 55, खटीक मोहल्ला, तहसील एवं जिला जबलपुर में स्थित एक नजूल ब्लॉक संख्या 32, नजूल प्लॉट संख्या 76, कुल रकवा 398 वर्ग फुट (36.98 वर्ग मीटर), निर्मित तल मंजिल निर्मित क्षेत्रफल 246 वर्ग फुट (22.86 वर्ग मीटर) और प्रथम मंजिल निर्मित का क्षेत्रफल 224 वर्ग फुट (20.81 वर्ग मीटर) उक्त संपत्ति भूस्वामी श्री राकेश खटीक पिता श्री हीरा लाल खटीक ने श्री गोविंद प्रसाद कोरी और श्री संजय कोरी दोनों के पिता श्री दुर्गा प्रसाद कोरी से विक्रय पत्र दिनांक 04.08.2022 दस्तावेज क्रमांक MP18254 2022A1819832 द्वारा क्रय किया है।

यह कि श्री राकेश खटीक पिता श्री हीरा लाल खटीक मेरे पक्षकार Capri Global Capital Ltd (CGCL) / Capri Global Housing Finance Ltd. (CGHFL) से ऋण प्राप्त करना चाहता है, जिसकी सुरक्षा हेतु श्री श्री राकेश खटीक पिता श्री हीरा लाल खटीक द्वारा उक्त संपत्ति बैंक में बंधक की जा रही है। चूँकि उक्त सम्पत्ति पर पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक-04.08.2022 दस्तावेज क्रमांक MP182542022A1819832 को बैंक में जमा कर साम्यिक बंधक किया जा रहा है।, अत: उक्त संपत्ति या संपत्ति के बंधक के सम्बन्ध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक आदि को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो अथवा किसी प्रकार का कोई विवाद हो तो वह प्रकाशन दिनांक से 7 दिवस के अन्दर मेरे पक्षकार Capri Global Capital Ltd (CGCL) / Capri Global Housing Finance Ltd. (CGHFL) को अथवा मेरे कार्यालय में लिखित रूप में मय दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर प्रस्तुत करें, समय उपरांत किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

जबलपुर
दिनांक :- 25/02/2026

भवदीय
राजेश प्यासी एडवोकेट
319, गली नं. 05, त्रिमूर्ति नगर,
दमोहनाका जवलपुर
मो.-9424320068



**कार्यालय, ग्राम पंचायत गोसलपुर**
**जनपद पंचायत - सिहोरा, जिला जबलपुर (म.प्र.)**

क्रमांक ०/पं./26 — बाजार नीलामी सूचना — दिनांक, :- 22/02/2026

उपरोक्त विषय में निवेदन है कि ग्राम पंचायत गोसलपुर में लगने वाली साप्ताहिक बाजार वर्ष 2026-27 की नीलामी को दिनांक 11.03.2026 दिन बुधवार को दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक की जायेगी। जिसमें इच्छुक उम्मीदवार 10 बजे से 12 बजे तक अमानत राशि जमा कर सकते हैं। नियम और शर्तों के लिये ग्राम पंचायत कार्यालय में संपर्क करें।

प्रदीप यादव
सचिव ग्राम पंचायत गोसलपुर
जनपद पंचायत सिहोरा

गिरजा पालीवाल
सरपंच ग्राम पंचायत गोसलपुर
जनपद पंचायत सिहोरा



**कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सिहोरा, जिला जबलपुर (म.प्र.)**

क्र./583/रा.वि./पट्टाधृति/2026 — सिहोरा, दिनांक 19/02/2026

मध्यप्रदेश नगरीय क्षेत्र के भूमिहीन व्यक्ति (पट्टाधृति अधिकारों का प्रदान किये जाने बाबद)

**अंतिम सूची का प्रकाशन**

एतद् द्वारा सर्व संबंधितों को सूचित किया जाता है कि म.प्र.शासन नगरीय विकास एवं आवास विभाग मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल तथा राजस्व मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल द्वारा संयुक्त रूप से जारी आदेश क्र./एफ.4209/2025/18-3 भोपाल दिनांक 17/11/2025 के अनुसार नगरपालिका परिषद सिहोरा क्षेत्रांतर्गत वार्ड क्र.1 से 18 तक पटदा वितरण हेतु सर्वेक्षण कार्य दिनांक 27/11/2025 से 18/12/2025 तक किया था। पटटा सर्वेक्षण अनुसार पात्र हितग्राहियों की प्रारंभिक सूची का प्रकाशन दिनांक 19/12/2025 को किया जाकर दिनांक 05/04/2026 तक दावा आपत्ति आमंत्रित किये गये थे, चूकि निर्धारित अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने के कारण पट्टा वितरण हेतु पात्र हितग्राहियों की अंतिम सूची का आज मेरी पदमुद्रा से प्रकाशन किया जा रहा है। उक्त सूची का अवलोकन अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कार्यालय/ तहसील कार्यालय/ नगर पालिका कार्यालय में कार्यालयीन समय पर किया जा सकता है साथ ही यह सूची नोटिस बोर्ड पर भी चस्पा की गई है, जिसका अवलोकन किया जा सकता है।

अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सिहोरा



**कार्यालय नगर पालिक निगम, जबलपुर (म.प्र.)**

**निविदा सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई.एम.डी. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | PRO - 912 Date: 25/02/2026 2026_UAD_482803_1 | पं. लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक वार्ड स्थित नया मोहल्ला क्षेत्र बंदकुंआ मैदान से शमसेर मार्केट तक नाली निर्माण एवं मरम्मत कार्य। | 03 माह<br>5.51 लाख | 2000/-<br>5511/- | 16/03/2026 |

नोट :- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की बेबसाईट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

कार्यपालन यंत्री (लोककर्म)
नगर निगम, जबलपुर



**कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) पाटन, जिला जबलपुर (म.प्र.)**

क्र./2054/रा.वि/पट्टाधृति/2026 — पाटन, दिनांक 21/02/2026

मध्यप्रदेश नगरीय क्षेत्र के भूमिहीन व्यक्ति (पट्टाधृति अधिकारों का प्रदान किये जाने बाबद)

**अंतिम सूची का प्रकाशन**

एतद् द्वारा सर्व संबंधितों को सूचित किया जाता है कि म.प्र.शासन नगरीय विकास एवं आवास विभाग मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल तथा राजस्व मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल द्वारा संयुक्त रूप से जारी आदेश क्र/एफ.4209/2025/18-3 भोपाल दिनांक 17.11.2025 के अनुसार नगर परिषद पाटन क्षेत्रांतर्गत वार्ड क्र. 1 से 15 तक पटट्टा वितरण हेतु सर्वेक्षण कार्य दिनांक 27.11.2025 से 18.12.2025 तक किया था, पटट्टा सर्वेक्षण अनुसार पात्र हितग्राहियों की प्रारंभिक सूची का प्रकाशन दिनांक 19.12.2025 को किया जाकर दिनांक 02.01.2026 तक दावा आपत्ति आमंत्रित किये गये थे, चूंकि निर्धारित अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने के कारण पट्टा वितरण हेतु पात्र हितग्राहियों की अंतिम सूची का आज मेरी पदमुद्रा से प्रकाशन किया जा रहा है। उक्त सूची का अवलोकन अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कार्यालय/तहसील कार्यालय/नगर परिषद कार्यालय में कार्यालयीन समय पर किया जा सकता है साथ ही यह सूची नोटिस बोर्ड पर भी चस्पा की गई है, जिसका अवलोकन किया जा सकता है।

अनुविभागीय अधिकारी
राजस्व पाटन, जिला जबलपुर



**कार्यालय नगर पालिक निगम, जबलपुर (म.प्र.)**

**निविदा सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु केंद्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptender.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई.एम.डी. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Tender ID-2026_UAD_484904_1 PRO - 919 Date: 25/02/2026 | संभाग क्रमाक 02 कछपुरा के अंतर्गत आने वाले वार्डो में नालियो में जाली लगाना एवं हैंगिग डस्टबिन लगाना एवं अन्य आवश्यक कार्य। (स्वच्छता सर्वेक्षण) | 4.24 लाख<br>02 माह | 2000/-<br>4235/- | 13/03/2026 |

नोट-निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाइट https://mptender.gov.in पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

कार्यपालन यंत्री
नगर पालिक निगम जबलपुर



**कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) सिवनी (म.प्र.)**

E-mail ID : modgmseo@mp.gov.in

क्रमांक/खनिज/उ.प./1/819124/2026 — सिवनी, दिनांक : 16/02/2026

**द्वितीय सूचना**

म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम,18 (1-क) के अंतर्गत उत्खनिपट्टा प्राप्त करने के लिए

यह सूचित किया जाता है कि, आवेदक **अभिशेक सिंह ठाकुर आ. रामजियन सिंह ठाकुर** नि.41 नयागांव रामपुर, जबलपुर (म.प्र.) द्वारा उत्खनिपट्टा प्राप्त करने हेतु निम्न क्षेत्र पर ऑनलाईन आवेदन पत्र दिनांक 26/09/2025 को प्रस्तुत किया गया है। इस क्षेत्र पर आवेदन प्रस्तुत करने हेतु प्रथम सूचना क्रमांक/खनिज/उ.प./675027/2025 सिवनी दिनांक 16/12/2025 प्रकाशित की गई थी। इस क्षेत्र हेतु पुनः दिनांक 27/02/2026 तक इस क्षेत्र पर यथास्थिति उत्खनिपट्टा आवेदन ऑनलाईन आमंत्रित किये जाते है। आवेदन ई-खनिज पोर्टल https://ekhanij.mp.gov.in पर प्रस्तुत किये जायेंगे।

**आवेदन का संक्षिप्त विवरण**

| जिला | तहसील | ग्राम | खसरा नंबर | रकबा | भूमि का प्रकार शासकीय/निजी | खनिज का नाम | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सिवनी | केवलारी | सुकतरा | 301 एवं 294 | क्रमशः 3.10 हे. में से 2.00 हे. एवं 1.05 हे. में से 1.00 हे. कुल 4.15 हे. में से 3.00 हे. | शासकीय भूमि | बोल्डर, गिट्टी एवं एम.सेण्ड | - |
| | | | कुल रकबा | 3.00 हे. | | | |

1. उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाईन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में अन्य इच्छुक आवेदकों से विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तारीख से आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि तक ( कार्यालयीन समय सायं 5:30 बजे तक) ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है।
2. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरान्त आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथी तक प्रथम सूचना से प्राप्त आवेदन को शामिल करते हुए 03 अथवा उससे अधिक अन्य आवेदकों के आवेदन पत्र प्राप्त होते हैं, तो प्रथम आवेदन प्रत्र एवं प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
3. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति में उल्लेखित आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक 03 से कम आवेदन पत्र प्राप्त होते हैं तो उपरोक्त अवधि में प्राप्त आवेदन पत्र तथा पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति की अवधि के दौरान प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
4. यदि प्रथम एवं द्वितीय प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरान्त भी निर्धारित समयावधि में अन्य कोई आवेदन पत्र प्राप्त नहीं होता है तो प्रथम आवेदक के पक्ष में नियमानुसार खनि रियायत स्वीकृति पर विचार किया जा सकेगा।
5. निर्धारित समयावधि के उपरान्त प्राप्त आवेदन पत्रों को विचार में नहीं लिया जायेगा।

सहायक खनिज अधिकारी
वास्ते कलेक्टर, सिवनी

जी-26354/25 — स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता



**कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) सिवनी (म.प्र.)**

E-mail ID : modgmseo@mp.gov.in

क्रमांक/खनिज/उ.प./1/819123/2026 — सिवनी, दिनांक : 16/02/2026

**द्वितीय सूचना**

म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम,18 (1-क) के अंतर्गत उत्खनिपट्टा प्राप्त करने के लिए

यह सूचित किया जाता है कि, आवेदक **श्री विनोद कुमार शिवहरे आ. श्री देवलाल शिवहरे** नि.छपारा, तह. छपारा जि.-सिवनी(म.प्र.) द्वारा उत्खनिपट्टा प्राप्त करने हेतु निम्न क्षेत्र पर ऑनलाईन आवेदन पत्र दिनांक 29/12/2025 को प्रस्तुत किया गया है। इस क्षेत्र पर आवेदन प्रस्तुत करने हेतु प्रथम सूचना क्रमांक/खनिज/उ.प./724204/2025 सिवनी दिनांक 08/01/2026 प्रकाशित की गई थी। इस क्षेत्र हेतु पुनः दिनांक 27/02/2026 तक इस क्षेत्र पर यथास्थिति उत्खनिपट्टा आवेदन ऑनलाईन आमंत्रित किये जाते है। आवेदन ई-खनिज पोर्टल https://ekhanij.mp.gov.in पर प्रस्तुत किये जायेंगे।

**आवेदन का संक्षिप्त विवरण**

| जिला | तहसील | ग्राम | खसरा नंबर | रकबा | भूमि का प्रकार शासकीय/निजी | खनिज का नाम | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सिवनी | सिवनी | झिलमिली | 196/1, 196/2, 194, 195/1 एवं 195/2 | 1.95 हे., 0.70 हे., 1.49 हे. 1.16 हे. एवं 0.38 हे. कुल रकबा 5.68 हे. में से 4.00 हे. | निजी एवं शासकीय भूमि | बोल्डर, गिट्टी एवं एम.सेण्ड | - |
| | | | कुल रकबा | 4.00 हे. | | | |

1. उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाईन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में अन्य इच्छुक आवेदकों से विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तारीख से आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि तक ( कार्यालयीन समय सायं 5:30 बजे तक) ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है।
2. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरान्त आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथी तक प्रथम सूचना से प्राप्त आवेदन को शामिल करते हुए 03 अथवा उससे अधिक अन्य आवेदकों के आवेदन पत्र प्राप्त होते हैं, तो प्रथम आवेदन प्रत्र एवं प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
3. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति में उल्लेखित आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक 03 से कम आवेदन पत्र प्राप्त होते हैं तो उपरोक्त अवधि में प्राप्त आवेदन पत्र तथा पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति की अवधि के दौरान प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
4. यदि प्रथम एवं द्वितीय प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरान्त भी निर्धारित समयावधि में अन्य कोई आवेदन पत्र प्राप्त नहीं होता है तो प्रथम आवेदक के पक्ष में नियमानुसार खनि रियायत स्वीकृति पर विचार किया जा सकेगा।
5. निर्धारित समयावधि के उपरान्त प्राप्त आवेदन पत्रों को विचार में नहीं लिया जायेगा।

सहायक खनिज अधिकारी
वास्ते कलेक्टर, सिवनी

जी-26363/25 — बच्चों की मुस्कान है अनमोल, इसे सुरक्षित रखें हर हाल



**कार्यालय अधीक्षक जिला जेल बालाघाट, जिला बालाघाट (म प्र.)**

Ph. 07632-240359 Fax. 07632-241360 Mail Id-jsdjbgt@mp.gov.in mail Id-districtjailbalaghat@gmail.com

क्रमांक 02/निर्वाह /2026 — www.mptenders.gov.in के माध्यम से — बालाघाट, दिनॉक 20/02/2026

**ई-टेण्डरिंग निविदा वित्तीय वर्ष 2026-2027 (द्वितीय आमंत्रण)**

जेल मुख्यालय मध्यप्रदेश भोपाल के पत्र क्रमांक 109 / निर्वाह शाखा / 2025 भोपाल दिनांक 02/01/2025 के परिपालन में एवं प्रथम वार्षिक निविदा में समिति के द्वारा लिये गये निर्णय के परिपालन में जिला जेल बालाघाट में परिरूद्ध बंदियों के उपचार में लगने वाली दवाईयां एवं अन्य सामग्री के लिए मध्यप्रदेश जेल पूर्ति नियम 1968 तथा मध्यप्रदेश भण्डार क्रय नियम 2015 (यथा संशोधन 2022) के तहत खण्ड-4 दवाईयां की वार्षिक निविदा ई-टेण्डर के माध्यम से दिनांक 17/03/2026 को शाम 05:30 बजे तक आमंत्रित की गई जाती है। निविदा का कार्यक्रम विवरण निम्नानुसार है।

| विवरण | दिनांक एवं समय | स्थान |
|---|---|---|
| ऑन लाईन निविदा प्रकाशन | 23/02/2026 | mptenders.gov.in |
| प्रिबिड मीटिंग | 03/03/2026 | जिला जेल बालाघाट |
| निविदा फार्म क्रय करने की अंतिम तिथि निविदा फार्म की कीमत रू.1000/- प्रति फार्म राशि ऑनलाईन शीर्ष 0056-800 अन्य प्राप्तियां में जमा किया जावेगा। | 17/03/2026 को प्रातः 05:00 बजे | mptenders.gov.in से प्राप्त किया जा सकता है। |
| ऑन लाईन निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 17/03/2026 को सायंकाल:5:30 बजे | mptenders.gov.in पर स्वीकार की जावेगी। |
| तकनीकी निविदा (आवश्यक दस्तावेज) एवं नमूनों की गुणवत्ता परीक्षण। | 18/03/2026 को प्रातः 11:30 बजे | कार्यालय अधीक्षक जिला जेल बालाघाट |
| ऑनलाईन निविदा खोलने की तिथि | 20/03/2026 को दोपहर 12:30 बजे | ---- |

निविदा फार्म एवं निविदा से संबंधित जानकारी www.mptenders.gov.in बेवसाईट पर भी देखी जा सकती है। निविदा फार्म दर्शित बेवसाईड पर क्रेडिट कार्ड या ऑनलाईन पेमेन्ट कर क्रय किया जा सकता है।

जेल अधीक्षक
जिला जेल बालाघाट(म प्र.)

जी-26305/25 — बच्चों की मुस्कान है अनमोल, इसे सुरक्षित रखें हर हाल



**कार्यालय नगर पालिक निगम, जबलपुर (म.प्र.)**

**निविदा सूचना**

N.I.T. NO/PWD/07/PRO.No. 913 — Dated:- 25/02/2026

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाइन निविदायें आमंत्रित की जाती है निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता हैं।

| क्रं. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई.एम.डी. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2026_UAD_481169_1 Date:- 25/02/2026 | सुभाषचन्द्र बोस वार्ड अंतर्गत नेता कॉलोनी अम्बेडकर कॉलोनी व संजय नगर में नाली निर्माण कार्य। (पार्षद अनुशंसा) | 04 माह<br>8.47 लाख | 2000/-<br>8471/- | 18/03/2026 |
| 2. | 2026_UAD_481169_2 Date:- 25/02/2026 | सुभाषचन्द्र बोस वार्ड अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर नाली निर्माण व कवर्ड का कार्य (पार्षद अनुशंसा) | 04 माह<br>3.36 लाख | 2000/-<br>1917/- | 18/03/2026 |
| 3. | 2026_UAD_481169_3 Date:- 25/02/2026 | सुभाषचन्द्र बोस वार्ड अंतर्गत विभिन्न स्थान दाहिया तिराहे से सुमन दाहिया तक नाली एवं सड़क का निर्माण कार्य। (पार्षद अनुशंसा) | 04 माह<br>5.07 लाख | 2000/-<br>5075/- | 18/03/2026 |
| 4. | 2026_UAD_481169_4 Date:- 25/02/2026 | सुभाषचन्द्र बोस वार्ड अंतर्गत अनूप चौधरी से हैण्ड पंप तक दुर्गेशपटेल से इंदु पटेल व पप्पू केवट तक रोड एवं नाली निर्माण कार्य। (पार्षद अनुशंसा) | 04 माह<br>8.02 लाख | 2000/-<br>8025/- | 18/03/2026 |
| 5. | 2026_UAD_481169_5 Date:- 25/02/2026 | सुभाषचन्द्र बोस वार्ड अंतर्गत संजय नगर गणेश चौक से वैष्णो देवी मंदिर तक सी.सी. सड़क निर्माण कार्य। (अध्यक्ष अनुशंसा) | 04 माह<br>12.68 लाख | 2000/-<br>9511/- | 25/03/2026 |

नोट :- निविदा से सम्बंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाइन https://mptenders.gov.in की वेबसाइट पर ही किया जावेगा, प्रथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

संभागीय यंत्री/कार्यपालन यंत्री
(लोककर्म) नगर पालिक निगम
जबलपुर